Regarding requirement of IT hub in Jaipur

श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) : माननीय सभापति महोदय, मैं राजस्थान की राजधानी जयपुर से आती हूं । मैं अपने लोक सभा क्षेत्र की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं । मैंने बचपन से जौहरी बाजार देखा है, यह जौहरियों का व्यापार केन्द्र है । विश्वकर्मा है, जो ओद्योगिक इकाइयों का केन्द्र है । इसी तरह से हमारे यहां प्रताप नगर में शिक्षा का केन्द्र बन गया है । मैं यह चाहती हूं कि जयपुर में एक आईटी हब बने, इसके लिए मैं सरकार से आग्रह करती हूं । जयपुर शहर में युवाओं को रोजगार मिले । हमारे बेंगलूरू, मुंबई और हैदराबाद में आईटी हब है । वहां युवाओं को बहुत सारे रोजगार मिलते हैं । हमारे यहां का युवा भी वहां जाता है । मैं यह चाहती हूं कि आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के समय में डिजिटलीकरण हो रहा है । हर एक कार्यालय में कम्प्यूटर है, हर एक हाथ में फोन है और सभी युवा आज आईटी की ओर जा रहा है । मैं चाहती हूं कि जिस प्रकार से बेंगलूरू, हैदराबाद और मुंबई का आईटी में नाम है, मेरे जयपुर का भी नाम इस लिस्ट में आए । मैं चाहती हूं कि राजधानी जयपुर में भी आईटी का हब हो । आज के जमाने को देखते हुए इसकी अत्यंत आवश्यकता है । स्मार्ट सिटी जयपुर में शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे । इससे बाहर जाकर नौकरी करने वालों को परिवार के साथ रहने का मौका मिलेगा और अपने परिवार की सेवा करने का भी मौका मिलेगा । इतनी ही मेरी आपसे विनती है । यह केन्द्र सरकार की सहायता के बिना नहीं हो पाएगा । मुझे पूरी उम्मीद है कि यह आईटी हब जयपुर में जरूर होगा ।